कार्यालय

मुख्य कारखाना प्रबन्धक

पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर, बरेली–243122

विज्ञापन सं0 01/2017(परिवर्धित)/वर्कशाप इज्जतनगर

जारी तिथि 26.10.17 अन्तिम तिथि 30.11.17

विषयः– अप्रेन्टिस एक्ट 1961 के अन्तर्गत प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।

अप्रेन्टिस एक्ट 1961 तथा अप्रेन्टिस नियम 1962 के अधीन यांत्रिक कारखाना इज्जतनगर में 93 प्रशिक्षुओं की प्रशिक्षण हेतु चयन की वांछित शर्तों को पूर्ण करने वाले उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. रिक्तियों का ट्रेडवाइज विवरण निम्नवत् हैः–

क्र0 सं0	ट्रेड	सामा.	अ. जा.	अ.ज. जा.	अ.पि. वर्ग	कुल संख्या	प्रशिक्षण अवधि	टिप्पणी
1.	फिटर (यॉंत्रिक)	10	03	02	05	20	01 वर्ष	कृपया इन्ही ट्रेडों में आईटीआई (एनसीवीटी) उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन करें।
2.	वेल्डर (गैस एंड इले0)	10	03	02	05	20	01 वर्ष	
3.	कारपेन्टर	10	03	01	05	19	02 वर्ष	
4.	इलेक्ट्रीशियन	07	02	01	04	14	01 वर्ष	
5.	मैकेनिक (डीजल)	05	01	01	02	09	02 वर्ष	
6.	पेन्टर (जनरल)	05	02	01	03	11	01 वर्ष	
	कुल योग–	47	14	08	24	93		

1.1 विज्ञापित 93 पदों में से 03 पद विकलांग कोटा तथा 03 पद भूतपूर्व सैनिक व सेना के जवानों के बच्चों हेतु आरक्षित हैं। जिनका विवरण इस प्रकार हैः– फिटर – 02 पद (OL, BL,LV.), इलेक्ट्रीशियन– 01 पद (O.L.) – विकलांग कोटा हेतु। मैकेनिक(डीजल)– 01 पद तथा वेल्डर – 02 पद –भू.पू.सैनिक/सेना के जवानों के बच्चों हेतु। विकलांगता हेतु सम्बन्धित प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र संलग्न करें।

1.2 नियमानुसार भूतपूर्व सैनिक, भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों, सेना के जवानों के बच्चों, सेवाकाल में मृत/विकलांग हुए सैनिकों के बच्चों के लिए आरक्षण देय है। सम्बन्धित प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र संलग्न करें।

2. आयु सीमा– अधिसूचना की अन्तिम तिथि (30.11.17) को 15 से 24 वर्ष अधिकतम होगी। ऊपरी आयु सीमा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति को 05 वर्ष एवं ओबीसी को 03 वर्ष की छूट होगी। विकलांग अभ्यर्थियों को आयु में 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट देय है।

3. शैक्षिक अर्हता– मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल के साथ आई.टी.आई (एनसीवीटी)। हाईस्कूल में न्यूनतम 50% अंक अनिवार्य हैं।

4. आवेदन करने का तरीका–

4.1 पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन–पत्र सभी वांछित प्रपत्रों के साथ संलग्न करके *मुख्य कारखाना प्रबन्धक (कार्मिक), यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर, बरेली (उ0प्र0) पिन–243122* के पते पर भेजना होगा। लिफाफे पर आवेदक का नाम, विज्ञापन सं0 एवं 'एक्ट अप्रेन्टिस के अर्न्तगत प्रशिक्षु के प्रशिक्षण हेतु आवेदन–पत्र' अवश्य लिखा होना चाहिए। इसके अतिरिक्त आवेदन पत्र जमा करने की सुविधा के लिए एक मुहरबन्द बाक्स कारखाना कार्यालय के मुख्य द्वार के पास उपलब्ध रहेगा जिसमें कार्यालय कार्यावधि में लिफाफा डाला जा सकता है। अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

4.2 प्रत्येक आवेदन के साथ प्रोसेसिंग शुल्क रू0 100 (Not refundable) का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो FA&CAO, Workshop, NE Railway, Izatnagar (Payable at SBI., Bareilly) अथवा क्रास भारतीय पोस्टल आर्डर जो FA&CAO, Workshop, NE Railway, Izatnagar (Payable at GPO, Bareilly) के पक्ष में देय हो, संलग्न करें। यह शुल्क अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/ विकलांग/ महिला अभ्यर्थियों को देय नही है।

4.3 आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को आश्वस्त होना चाहिए कि वे न्यूनतम अर्हता पूर्ण करते हैं।

4.4 आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी शैक्षणिक व अन्य वांछित प्रपत्र राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित होने चाहिए।

4.5 नवीनतम पासपोर्ट साइज का फोटो (राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित) जिस आवेदन पत्र पर निर्धारित स्थान में चस्पा होना चाहिए।

5. प्रशिक्षण हेतु चयन की प्रणाली–
   5.1 प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण हेतु चयन आईटीआई तथा हाईस्कूल (10वीं) उत्तीर्ण के प्राप्तांकों के औसत के आधार पर किया जायेगा।
   5.2 मेरिट के आधार पर कुल विज्ञापित रिक्तियों का **1.5** गुणा उम्मीदवारों को सभी मूल प्रपत्रों के साथ दस्तावेजों के सत्यापन एवं शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षा हेतु बुलाया जायेगा।
   5.3 चयनित अभ्यर्थियों की अन्तिम सूची दस्तावेजों के सत्यापन एवं मेडिकल के बाद जारी की जायेगी।
   5.4 सत्यापन हेतु आने वाले उम्मीदवारों को आने–जाने एवं ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
   5.5 रद्द व अचयनित आवेदनों की कोई सूचना अभ्यर्थी को रेल प्रशासन द्वारा नही दी जायेगी।

6. आवेदन पत्रों में निम्न कमी पाये जाने पर उन्हें रद्द कर दिया जायेगा–
   6.1 विज्ञापन के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप पर आवेदन न होने पर।
   6.2 अधूरे/अस्पष्ट/ओवर राइटिंग/कटिंग किए हुए आवेदन।
   6.3 न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के अभाव में एवं अहस्ताक्षरित आवेदन।
   6.4. बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर के बिना संलग्न प्राप्त आवेदन।
   6.5. अधिसूचना जारी होने की तिथि के पूर्व के बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर के साथ प्राप्त आवेदन।
   6.6. शैक्षिक योग्यता एवं तकनीकी योग्यता व आरक्षण से सम्बन्धित प्रमाण पत्र के अभाव में।
   6.7. अल्पायु/अधिकायु होने की स्थिति में।
   6.8 दो अलग–अलग राजपत्रित अधिकारियों द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र न संलग्न करने की स्थिति में।
   6.9. अन्य कोई अनियमितता पाये जाने पर।

7. ट्रेनिंग का करार– सभी चयनित अभ्यर्थियों को एक करार करना होगा। चयनित अभ्यर्थी यदि 18 वर्ष से कम आयु के होंगे, तो उसके अभिवावक एक संविदा समझौता (एग्रीमेन्ट) करेंगें।
8. प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को निर्धारित प्रावधान के अनुसार मासिक वृत्तिका देय होगी।
9. अप्रेन्टिस एक्ट 1961 नियम के अन्तर्गत जो भी शर्तें होंगी, प्रशिक्षणार्थी मानने के लिए बाध्य होगा व इस नियम के अन्तर्गत दी गई शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में अथवा प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षणार्थी का आचरण उत्तम नहीं पाये जाने पर उसे प्रशिक्षण से वंचित कर दिया जाएगा तथा इन्हें प्रशिक्षण पर व्यय किये गये धनराशि का भुगतान करना होगा। इस बारे में रेल प्रशासन का निर्णय अन्तिम होगा।
10. प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण पूरा करने के आधार पर रेलवे में नौकरी प्राप्त करने का अधिकार नही होगा।
11. किसी भी अभ्यर्थी का चयन रेल प्रशासन किसी भी समय रद्द कर सकता है और इस सम्बन्ध में कोई पत्राचार/साक्षात्कार मान्य नहीं होगा । रेल प्रशासन का निर्णय अन्तिम होगा।
12. यदि कोई अभ्यर्थी अपने चयन के लिए स्वयं अथवा किसी अन्य माध्यम से पैरवी करायेगा तो उसकी पात्रता रद्द कर दी जायेगी।

उक्त अधिसूचना पूर्वोत्तर रेलवे के वेवसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है।

संलग्नकः– आवेदन पत्र का प्रारूप।

मुख्य कारखाना प्रबन्धक (कार्मिक)
इज्जतनगर

प0सं0– या/का/282/1/एक्ट अप्रे0/2017 दिनांक 2610.2017

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महाप्रबन्धक (कार्मिक), गोरखपुर।
2. सभी विभागाध्यक्ष, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर।
3. मण्डल रेल प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे–वाराणसी, लखनऊ एवं इज्जतनगर।
4. उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक (डिपो) इज्जतनगर।
5. मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर।
6. मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सिग्नल कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर छावनी।
7. मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी, गोरखपुर – कृपया समाचार पत्रों तथा रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशन की व्यवस्था करायें।
8. मण्डल मंत्री–नरमू, एससी.एसटी, व ओबीसी एसो0, कारखाना मण्डल, इज्जतनगर।
9. समस्त शाप प्रभारी, कारखाना, इज्जतनगर।
10. क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, बरेली (उ0प्र0)
11. रिजनल डायरेक्टर, डायरेक्ट्रेट ऑफ अप्रेन्टिसशिप ट्रेनिग, उद्योगनगर, कानपुर – 208022
12. राजकीय औद्योगिक संस्थान, कलक्टरबक गंज, बरेली।

मुख्य कारखाना प्रबन्धक (कार्मिक)
इज्जतनगर

राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित पासपोर्ट साइज फोटो यहाँ चस्पा करें ।

सेवा में,

मुख्य कारखाना प्रबन्धक/कार्मिक
पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर, बरेली (उ0प्र0)–243122

विषयः–एक्ट अप्रेन्टिस के अन्तर्गत प्रशिक्षु प्रशिक्षण के चयन हेतु आवेदन पत्र।
संदर्भः–आपके कार्यालय की अधिसूचना सं0–या/का/282/1/एक्ट अप्रे0/2017(परिवर्धित) दिनांक 26.10.17

– – –

उपरोक्त सन्दर्भ में प्रार्थी ट्रेड प्रशिक्षु/प्रशिक्षण पद के लिए आवेदन कर रहा है तथा यह भी घोषित करता है कि मेरे ऊपर अप्रेन्टिस एक्ट एवं समय–समय पर परिवर्तित सभी नियम लागू होंगे।
(आवेदक द्वारा हस्तलिपि में भरा जाना है।)

1. आवेदक का नाम .....
   मोबाइल :..... ईमेल आईडी. .....
2. पिता का नाम तथा व्यवसाय .....
3. जन्मतिथि–.....
4. आवेदन प्राप्त होने की अन्तिम तिथि के अनुसार आयु .....वर्ष,.....माह,.....दिन।
5. स्थायी/पत्राचार का पूरा पता –
   .....
   .....
   जिला ..... प्रदेश ..... पिन कोड.....
6. जाति..... ☐ अनुसूचित जाति ☐ अनु जन जाति ☐ अपिव0 ☐ सामान्य
   (कृपया टिक करें व आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी सम्बन्धित प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
7. यदि शारीरिक रूप से विकलांग हैं तो कृपया टिक करें – ओएच – एच.एच
   विकलांगता का प्रतिशत–..... (अभ्यर्थी सम्बन्धित प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
8. यदि भूतपूर्व सैनिक/सेना के जवानों के आश्रित हैं तो कृपया टिक करें – हां –नहीं
   (अभ्यर्थी सम्बन्धित प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
9. राजपत्रित अधिकारियों द्वारा प्रदत्त दो चरित्र प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें।
10. शैक्षिक योग्यता–

परीक्षा	वर्ष	विद्यालय का नाम	विषय	प्रतिशत अंक	सम्बन्धित बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम

11. तकनीकी योग्यता (आईटीआई/एनसीवीटी)–

परीक्षा	वर्ष	विद्यालय का नाम	ट्रेड	प्रतिशत अंक	नेशनल कौंसिल ऑफ वोकेशनल ट्रेनिंग (NCVT)

12 प्रोसेसिंग शुल्क रू0 100/– का विवरण–

1. डिमाण्ड ड्राफ्ट सं0 .....दिनांक .....
   बैंक का नाम व शाखा.....

2. क्रास्ड भारतीय पोस्टल आर्डर सं0 .....दिनांक .....
   पोस्ट आफिस का नाम व शाखा.....

13. दो स्थाई शारीरिक पहचान चिह्न :–

(1) .....

(2) .....

संलग्नकों का विवरण–

दिनाँक .....

आवेदक के हस्ताक्षर